## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता हेतु महोबा पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 17.11.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान थानों की पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम, तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु उपलब्ध सुविधाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें वूमेन पॉवर लाइन– 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा– 112, एम्बुलेंस– 108, चाइल्ड लाइन– 1098, स्वास्थ्य सेवा– 102, महिला हेल्पलाइन– 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन– 1076, साइबर हेल्पलाइन– 1930 साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई एवं शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका व उनके माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई।

उद्देश्य - महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ये जन-जागरूकता कार्यक्रम न केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सजग और सुरक्षित बनने का संदेश दे रहे हैं, बल्कि समाज में नारी सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 17.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा ने जनसुनवाई में सुनी जनसमस्याएँ, निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश...

आज दिनांक 17.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनपदवासियों की समस्याओं को सुनने एवं उनके त्वरित समाधान हेतु आयोजित इस जनसुनवाई में फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए फरियादियों को निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर भरोसा और अधिक सुदृढ़ हो।

जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उन्हें सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया तथा निर्भीक होकर अपनी बात रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।




## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा धोसा मंदिर, बेलाताल में आयोजित महायज्ञ-भंडारा कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक- 17.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड एवं उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ श्री प्रदीप कुमार द्वारा संयुक्त रुप से थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत धोसा मंदिर, बेलाताल में आयोजित महायज्ञ, पूर्णाहुति एवं भंडारा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद महोबा पुलिस के 03 थानों के प्रभारी निरीक्षक, 03 अतिरिक्त निरीक्षक, 15 उपनिरीक्षक एवं 45 मुख्य आरक्षी/आरक्षी एवं महिला आरक्षियों की तैनाती की गयी है।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत द्वारा ड्यूटी प्वाइंट्स की स्थिति, भीड़ नियंत्रण बैरियर, सुरक्षा घेरा, आपात व्यवस्था तथा पुलिस बल की सतर्कता का विस्तार से अवलोकन किया गया।

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा पुलिसकर्मियों को भीड़ की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कार्यक्रम में लगभग हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा को लेकर पूर्व में जारी आदेश के क्रम में अतिरिक्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। आदेश के अनुसार भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल को दंगा नियंत्रण उपकरण (हेलमेट, डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर आदि) से लैस होकर समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे।





## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व प्रभारी क्षेत्राधिकारी नगर, श्री तेज प्रकाश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्री वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त विनोद पुत्र बरदानी उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा को हमीरपुर माननीय न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर द्वारा जारी अधिपत्र क्रि0मि0केश नं0 124/2024 धारा 125(3) सीआरसीपी के अनुपालन में वारण्टी अभियुक्त विनोद उपरोक्त को ग्राम ग्योड़ी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही वारण्टी उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

विनोद पुत्र बरदानी उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

उ0नि0 वीर प्रताप सिंह थाना खन्ना जनपद महोबा
कां0 शीलू यादव थाना खन्ना जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 17.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात माह नवंबर के दृष्टिगत
## यातायात पुलिस टीम ने चलाया विशेष अभियान-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने हेतु यातायात माह नवंबर के अंतर्गत विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.11.2025 को जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त बड़े वाहनों जैसे ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे वे रात्रि के दौरान सड़क पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए, जिसमें सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट/सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन तथा ओवरलोडिंग के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया।

यातायात माह के रोस्टर के अनुरूप, यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही भी की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनपद में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और लोगों में सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता बढ़े।

महोबा पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा में सहयोग करें।



